कार्यालय नगर निगम, कोटा (राजस्थान)

क्रमांक : न0नि0को0 / आयुक्त / वार्ड पुर्नसीमांकन / 2019 / 14981-82 दिनांक: 08.12.19

—: आपत्ति आमंत्रण सूचना :—

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांकः— एफ.10(क) / गठन / श्रेणी / डी.एल.बी / 2019 / 11001 दिनांक 18.10.2019 द्वारा नगर निगम, कोटा को दो भागों में विभाजित करते हुये दो नये नगर निगम क्रमशः नगर निगम, कोटा उत्तर एवं नगर निगम, कोटा दक्षिण का गठन किया जा चुका है तथा राज्य सरकार के पत्र क्रमांक एफ.10 ( ) चुनाव / जन / स्वाशा / 19 / 11931—34 दिनांक 07.11.2019, समसंख्यक पत्र क्रमांक 12003—06 दिनांक 19.11.2019, समसंख्यक पत्र क्रमांक 12046 दिनांक 21.11.2019, पत्र क्रमांक एफ.10( ) चुनाव / जन / स्वाशा / 14 / 2195 दिनांक 10.06.2019 व समसंख्यक पत्र क्रमांक 4235 दिनांक 03.07.2019 के अनुसार उक्त नवगठित नगर निगमों का वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नगर निगम, कोटा उत्तर एवं नगर निगम, कोटा दक्षिण में वार्डो के पुनर्गठन / पुर्नसीमांकन किया जाना हैं, जिसकी अनुपालना में वार्डो के पुर्नसीमांकन के प्रस्ताव निम्नानुसार तैयार किये गये हैं :—

क्र. स.	नगरीय निकाय का नाम	पूर्व में गठित वार्डो की संख्या	वर्तमान नवगठित वार्डो की संख्या	नवगठित नगर निगमों के वार्डो के पुर्नसीमांकन का विवरण
1	नगर निगम, कोटा—उत्तर	29	70	नवगठित नगर निगम, कोटा उत्तर एवं नगर निगम, कोटा दक्षिण के वार्डो के पुर्नसीमांकन का विवरण मय मानचित्र कार्यालय नगर निगम, कोटा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया हैं। साथ ही उक्त पुर्नसीमांकन का विस्तृत विवरण मय मानचित्र नगर निगम, कोटा की विभागीय वेबसाईट www.kotamc.org पर भी देखा जा सकता हैं।
2	नगर निगम, कोटा—दक्षिण	36	80	

उपरोक्त तालिका के अनुरूप वार्डो के पुनर्गठन / पुर्नसीमांकन के प्रस्ताव तैयार किये जाकर सर्वसाधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किये जा रहे हैं। जिस किसी भी आमजन / संस्था को नवगठित नगर निगमों के वार्डो के पुर्नसीमांकन के संबंध में कोई आपत्ति हैं तो वह दिनांक 09.12.2019 से दिनांक 20.12.2019 (कुल 12 दिवस) तक के मध्य अपनी आपत्ति लिखित रूप से आयुक्त, नगर निगम, कोटा को सम्बोधित कर नगर निगम कार्यालय के मुख्य भवन के भूतल पर स्थित स्वागत कक्ष में प्रस्तुत कर सकेगा, उक्त निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(वासुदेव मालावत)
आयुक्त
नगर निगम, कोटा

क्रमांक : न0नि0को0 / आयुक्त / वार्ड पुर्नसीमांकन / 2019 / 14981-82 दिनांक: 08.12.19

प्रतिलिपि पुस्तकालय अध्यक्ष, नगर निगम, कोटा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आपत्ति आमंत्रण सूचना का प्रकाशन दिनांक 09.12.2019 के राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र (दैनिक भास्कर) में करवाकर उक्त की प्रति उपलब्ध करवाने का श्रम करें।

आयुक्त
नगर निगम, कोटा

Scanned by CamScanner